दैनिक जागरण
29-04-2025

# जीएमएन कालेज : संगोष्ठी में भगत सिंह की विचारधारा पर हुई चर्चा



जीएमएन कालेज में संगोष्ठी के दौरान अतिथि को सम्मानित करते हुए। विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में इतिहास विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस का विषय भगवत सिंह रीविजिटिंग द रिवोल्यूशनरी लिगेसी रहा। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अमरजीत सिंह प्रो -वाइस चांसलर एकेडमिक देश भगत यूनिवर्सिटी मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब रहे। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर मनीष शर्मा गांधीयन एवं पीस स्टडीज पंजाब यूनिवर्सिटी रहे। अध्यक्ष के तौर पर कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने भाग लिया। डा. धर्मवीर सैनी और अध्यक्ष इतिहास विभाग के द्वारा थीम के विषय में अवगत कराया।

**मुख्य वक्ता प्रोफेसर अमरजीत सिंह प्रो वाइस चांसलर एकेडमिक देश भगत यूनिवर्सिटी मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब रहे**

बताया कि भगत सिंह की जितनी प्रासंगिकता उनके समय में थी उससे ज्यादा उनकी विचारधारा की प्रासंगिकता वर्तमान समय में है। भगत सिंह आज भी उतने ही युवा वर्ग में लोकप्रिय है जितने कि वह भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के समय युवा वर्ग में थे।

इस मौके पर डा. एसएस नैन, डा. कृष्णा पूनिया, डा. बृजेश कुमार, डा. एसके पांडे, डा. सुरजीत कुमार, डा. अमित कुमार, डा. कुलदीप यादव, डा. राजेंद्र कुमार, डा. दीपक कुमार, डा. राजेश सैनी, राममूर्ति आदि मौजूद रहे।